1. **अजबगढ़ समूह की आधारीय शैल जिन जिलों में पाई जाती हैं, वे हैं-**
(a) दौसा-जयपुर
(b) पाली-सिरोही
(c) जैसलमेर-बाड़मेर
(d) गंगानगर-हनुमानगढ़ **[b]**

2. **जिस जिला युग्म में मध्यम काली मिट्टी पाई जाती है, वह है-**
(a) उदयपुर-राजसमन्द
(b) जालौर-सिरोही
(c) कोटा-बाराँ
(d) चूरू-बीकानेर **[c]**

3. **पश्चिमी राजस्थान के रेतीले मैदान का कितना प्रतिशत क्षेत्र बालुकास्तूप मुक्त है?**
(a) 41.5
(b) 18.6
(c) 61.11
(d) 14.7 **[a]**

4. **वर्टीसोल्स राजस्थान के कौन-से जिलों में पाई जाती है?**
(a) झालावाड़-बाराँ
(b) जयपुर-दौसा
(c) नागौर-पाली
(d) गंगानगर-हनुमानगढ़ **[a]**

5. **आकल वुड फोसिल पार्क किस जिले में स्थित है?**
(a) जैसलमेर
(b) जोधपुर
(c) पाली
(d) जालौर **[a]**

6. **अरावली और विन्धयन के मिलन स्थल का भ्रंश कहलाता है-**
(a) महान सीमा भ्रंश
(b) मुख्य सीमा भ्रंश
(c) मुख्य मध्यवर्ती भ्रंश
(d) दिल्ली भ्रंश **[a]**

7. **बाप बोल्डर्स किस युग से सम्बन्धित है?**
(a) प्री केम्ब्रीयन
(b) परमियन-कार्बोनिफेरस
(c) क्रिटेशियस
(d) इओसीन **[b]**

8. **सूची-I को सूची-II में सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **(राजस्थानकी जनजातियाँ)** | **(प्रमुख आवास-क्षेत्र)** |
| **A.**सहरिया | **1.**डूँगरपुर, बाँसवाड़ा |
| **B.**गरासिया | **2.**उदयपुर, सिरोही |
| **C.**डामोर | **3.**बाराँ, कोटा |
| **D.**मीणा | **4.**जयपुर, दौसा |

**कूटः**

(1) **A**-2 **B**-1 **C**-3 **D**-4

(2) **A**-2 **B**-3 **C**-1 **D**-4

(3) **A**-3 **B**-2 **C**-1 **D**-4

(4) **A**-2 **B**-1 **C**- 2 **D**-4 [3]

9. **राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का.......प्रतिशत है।**
(a) 9.95%
(b) 10.55%
(c) 10.41%
(d) 11.45% **[c]**

10. **राजस्थान में 'बृहत सीमान्त भ्रंश' फैला है, के सहारे-**
(a) बूँदी-सवाई माधौपुर की पहाड़ियाँ
(b) उदयपुर की पहाड़ियाँ
(c) अलवर की पहाड़ियाँ
(d) शेखावटी-टोरावाटी की पहाड़ियाँ **[a]**

11. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| **सूची-I**<br>**(मिट्टी के प्रकार)** | **सूची-II**<br>**(जलवायु** |
|---|---|



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

| | | | प्रदेश) |
|---|---|---|---|
| A | एंटीसोल | 1. | शुष्क एवं अर्द्ध-शुष्क |
| B | इन्सेप्टीसोल्स | 2. | अर्द्ध-शुष्क एवं आर्द्र |
| C | अल्फीसोल्स | 3. | उप-आर्द्र एवं आर्द्र |
| D | वर्टीसोल्स | 4. | आर्द्र एवं अति-आर्द्र |

**कूट:**

(1) **A**-1 **B**-3 **C**-2 **D**-4

(2) **A**-4 **B**-1 **C**-2 **D**-3

(3) **A**-1 **B**-3 **C**-4 **D**-2

(4) **A**-1 **B**-2 **C**-3 **D**-4 **[1]**

**12. राजस्थान के कौन-से जिलों के समूह में वर्टीसोल्स प्रकार की मृदा पाई जाती है?**
(a) कोटा, बूँदी, झालावाड़ एवं बाराँ
(b) टोक, जयपुर, दौसा एवं धौलपुर
(c) सीकर, झुंझुनूँ, नागौर एवं चूरू
(d) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, उदयपुर एवं राजसमन्द **[a]**

**13. राजस्थान के भौतिक स्वरूप संरचनात्मक दृष्टि से भारत के निम्नलिखित में से किन उच्चावच प्रदेशों का हिस्सा है?**
(a) उत्तरी वृहद मैदान, प्रायद्वीपीय पठार
(b) उत्तरी पर्वतीय प्रदेश, उत्तरी वृहद मैदान
(c) तटीय मैदान, प्रायद्वीपीय पठार
(d) प्रायद्वीपीय पठार, उत्तरी पर्वतीय प्रदेश **[a]**

**14. राजस्थान के निम्न बेसिनों में से कहाँ अधिकतम बीहड़ भूमि पाई जाती है?**
(a) चम्बल
(b) मध्य माही
(c) ऊपरी बनास
(d) लूनी **[a]**

**15. विन्धयन कगार भूमि नदियों के मध्य स्थित दोआब प्रदेश है-**
(a) बाणगंगा व बनास
(b) कालीसिंध व चंबल
(c) बेड़च व बनास
(d) चंबल व बनास **[d]**

**16. "मावट" वर्षा जिनसे होती है, वह है-**
(a) उष्णकटिबन्धीय चक्रवात
(b) दक्षिणी-पश्चिमी मानसून
(c) पश्चिमी विक्षोभ
(d) लौटता मानसून **[c]**

**17. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन-सा / कौन-से भौतिक विभाग अपने धरातलीय लक्षणों से सही सुमेलित है/है?**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| भौतिक विभाग | | शैल समूह | धरातलीय लक्षण |
|---|---|---|---|
| **i.** | दक्षिण-पूर्वी पठार | आर्कियन-विन्ध्यन क्रम | गौंडवाना लैण्ड का विस्तारित भाग |
| **ii.** | पश्चिमी बालुका मैदान | रायलो-क्रिटेशस क्रम | टैथिस सागर का अवशेष रूप |
| **iii.** | अरावली | अरावली-दिल्ली क्रम | प्राचीनतम वलित पर्वत श्रेणी |
| **iv.** | उत्तर-पूर्वी मैदान | दक्कन लावा-विन्ध्यन क्रम | सिन्धु नदी निर्मित मैदान का भाग |

**कूट:**
(a) ii और iii
(b) i और iv
(c) i, ii और iii
(d) ii, iii और iv **[c]**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**18. निम्न में से राजस्थान में कौन-सा क्षेत्र बालुका स्तूप मुक्त है?**
(a) शेरगढ़-शिव
(b) ओसियाँ-शेरगढ़
(c) बायतू-चौहटन
(d) फलौदी-पोकरण **[d]**

**19. राजस्थान के किस जिले में "कुबड़ पट्टी" पेटी फैली हुई है?**
(a) भीलवाड़ा
(b) नागौर
(c) चूरू
(d) सीकर **[b]**

**20. राजस्थान में निम्न में से कौन-से जिले मुख्यत: बीहड़ प्रभावित हैं?**
(a) करौली, सवाई माधोपुर, धौलपुर
(b) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, जैसलमेर
(c) भीलवाड़ा, डूँगरपुर, राजसमन्द
(d) अजमेर, भीलवाड़ा, पाली **[a]**

**21. पश्चिमी राजस्थान में 'पश्चिमी रेतीला मैदान' की पूर्वी सीमा निम्नलिखित में से कौन-सी समवर्षा रेखा बनाती है?**
(a) 10 सेमी
(b) 25 सेमी
(c) 40 सेमी
(d) 50 सेमी **[c]**

**22. 'भोराट पठार' जिसके मध्य स्थित है, वह है-**
(a) अचलगढ़ एवं तारागढ़
(b) गोगुन्दा एवं बैराठ
(c) कुम्भलगढ़ एवं गोगुन्दा
(d) जरगा एवं अचलगढ़ **[c]**

**23. राजस्थान में सर्दी की वर्षा कहलाती है-**
(a) काल बैसाखी
(b) आम्र वर्षा
(c) मावठ
(d) नॉर्वेस्टर **[c]**

**24. राजस्थान में स्थित थार मरुस्थल में कौन-सा बालुका स्तूप का प्रकार नहीं है?**
(a) पैराबोलिक
(b) तारा
(c) बरखान
(d) घोराउड **[d]**

**25. राजस्थान में भौतिक आकृतियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करें-**
**(अ) थार मरुभूमि में बालुका स्तूपों के मध्यवर्ती निम्नवर्ती गर्त 'मरहो' कहलाते हैं।**
**(ब) 'उत्खात स्थलाकृति' बनास बेसिन में पाई जाती है।**
**(स) राजस्थान के दक्षिणी पश्चिमी भाग में स्थित डोरा पर्वत अरावली पर्वतों का हिस्सा हैं।**
**(द) 'महान सीमान्त भ्रंश' अरावली के पश्चिमी भाग के सहारे स्थित है।**
**सही कथनों का चयन करें-**
(a) (अ), (ब), (स) तथा (द)
(b) (अ) (ब) तथा (स)
(c) केवल (अ) तथा (स)
(d) (ब), (स) तथा (द) **[c]**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213